भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
28.07.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1072 का उत्तर

मानव रहित समपार

1072. श्री एस. कल्याणसुन्दरमः
श्री एम. मोहम्मद अब्दुल्लाः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु राज्य में मानव रहित समपारों की संख्या कितनी है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की सभी मानव रहित समपारों को बंद करने की कोई योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) मानव रहित समपारों को पूर्णतः बंद न किए जाने के क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क): तमिलनाडु राज्य में चालू लाइनों पर बिना चौकीदार वाला कोई भी समपार नहीं है।

(ख) और (ग) : भारतीय रेल के बड़ी लाइन नेटवर्क पर सभी बिना चौकीदार वाले समपारों (यूएमएलसी) को 31.01.2019 तक पहले ही समाप्त कर दिया गया है। भारतीय रेल की मीटर लाइन (एमजी) और छोटी लाइन (एनजी) खंडों पर केवल 559 अदद बिना चौकीदार वाले समपार (यूएमएलसी) हैं, जिन्हें उन खंडों के आमान परिवर्तन के दौरान समाप्त कर दिया जाएगा।

******

s.k